श्री लाल बहादुर शास्त्री राष्ट्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय

(केन्द्रीय विश्वविद्यालय)

बी-4, कुतुब सांस्थानिक क्षेत्र, नई दिल्ली-110016

क्रमांक एफ-03/100/ला.ब.शा.रा.सं.वि./2023-24/ 742 दिनांक 18.10.2023

प्रवेश सूचना 2023-24

विषयः शैक्षणिक सत्र 2023-24 में नियमित एवं अंशकालीन पाठ्यक्रमों में प्रवेश के सन्दर्भ में।

विश्वविद्यालय अनुदान आयोग द्वारा जारी दिशा-निर्देशों के अनुसार शैक्षणिक सत्र 2023-24 में प्रवेश हेतु जो आवेदक राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी द्वारा CUET-UG and PG प्रवेश परीक्षा में भाग नहीं ले सके, ऐसे अभ्यर्थियों को प्रवेश हेतु **एक विशेष अवसर** प्रदान किया जा रहा है। विश्वविद्यालय के **स्नातक पाठ्यक्रम शास्त्री (बी.ए.) एवं बी.ए. योग, स्नातकोत्तर पाठ्यक्रम आचार्य (एम.ए.), एम.ए. (योग, हिन्दी, हिन्दू-अध्ययन, समाजशास्त्र) तथा अंशकालीन पाठ्यक्रमों में रिक्त स्थानों में प्रवेश हेतु इच्छुक अभ्यर्थी** विश्वविद्यालय द्वारा निर्धारित पोर्टल slbsrsvadmission.samarth.edu.in पर दिनांक 19.10.2023 से 24.10.2023 तक पंजीकरण करवा सकते है। पंजीकरण हेतु 300/- रूपये ऑनलाईन माध्यम से जमा करवाना अनिवार्य होगा।

योग्य अभ्यर्थियों को प्रवेश अर्हता योग्यता के अनुसार पूर्व कक्षा में प्राप्त अंक प्रतिशत की वरीयता सूची के आधार पर संबंधित प्रवेश समिति द्वारा अस्थाई प्रवेश प्रदान किया जायेगा। **विश्वविद्यालय द्वारा नियमानुसार दिनांक 25.10.2023 एवं 26.10.2023 को विश्वविद्यालय परिसर में ऑफलाईन माध्यम से काउंसलिंग का आयोजन किया जायेगा। काउंसलिंग के उपरान्त प्रवेश शुल्क जमा करवाना अनिवार्य होगा।**

नोटः प्रवेश हेतु विस्तृत विवरण तथा शैक्षणिक नियम परिचायिका विश्वविद्यालय की वेबसाईट (slbsrsv.ac.in) पर उपलब्ध है। जानकारी हेतु अभ्यर्थी आवश्यकतानुसार विश्वविद्यालय से भी सम्पर्क कर सकते हैं। सम्पर्क सूत्र/Helpline Number: 011-46060503/548/542

सहायक कुलसचिव (शैक्षणिक)

प्रतिलिपि सूचनार्थः

1. समस्त पीठ प्रमुख/विभागाध्यक्ष
2. निदेशक, IQAC
3. कुलानुशासक
4. परीक्षा नियंत्रक
5. सिस्टम एडमिनिस्ट्रेटर
6. जन सम्पर्क सूचना अधिकारी
7. सहायक कुलसचिव (लेखा)
8. संगणक विभाग को इस आशय से प्रेषित कि ऑनलाईन माध्यम से पंजीकरण एवं प्रवेश शुल्क जमा कराने की प्रक्रिया से सम्बन्धित आवश्यक कार्यवाही सम्पन्न करने तथा उक्त सूचना को विश्वविद्यालय की वेबसाईट पर प्रेषित करने का कष्ट करें।
9. सम्बन्धित पंजिका
10. सूचना पट्ट

सहायक कुलसचिव (शैक्षणिक)

O/C